आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज दो सप्ताह तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा–2026 का उद्घाटन करेंगे।
- दक्षिण अंडमान जिला पुलिस की ओर से 'सी–पोर्ट इमिग्रेशन प्रक्रियाओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण' का आयोजन किया जा रहा है।
- अकादमिक व इंटर्नशिप पहलों को जारी रखने के उद्देश्य से आर्काइवल प्रबंधन इंटर्नशिप की अवधि को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।
- भारतीय स्टेट बैंक आरसेती की ओर से इक्कतीस दिवसीय लाइट मोटर व्हीकल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज दो सप्ताह तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा–2026 का उद्घाटन करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य एकल–उपयोग वाले प्लास्टिक के उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कपड़े के थैलों और दोबारा प्रयोग वाली बोतलों के उपयोग को बढ़ावा देना है। यह पखवाड़ा पन्द्रह सितम्बर तक चलेगा। उर्वरक विभाग ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान का लक्ष्य भौतिक और डिजिटल दोनों कार्यस्थलों पर स्वच्छता को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना और कार्य संस्कृति में गुणात्मक सुधार लाना है। विभाग ने कहा कि इस वर्ष भौतिक स्वच्छता के साथ डिजिटल स्वच्छता और अभिलेख प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है ताकि प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाया जा सके और ई–फाइलिंग प्रणाली को और मजबूत किया जा सके।

इस पहल के अंतर्गत, विभाग के ई–कार्यालय और डिजिटल फाइलिंग प्रणालियों को सुव्यवस्थित किया जाएगा, जिसमें ई–कार्यालय प्रणाली में लंबित ई–फाइलों की समीक्षा करना, निपटाए गए मामलों को डिजिटल रूप से बंद करना या संग्रहीत करना और डेटाबेस को व्यवस्थित करना शामिल है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कल रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आधारित बहुआयामी मंच पीएम–प्रगति के अंतर्गत टीबी उन्मूलन प्रयासों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए अंतर–मंत्रालयी समन्वय को मजबूत करने पर बल दिया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से  चार सितंबर  तक 5 दिवसीय 'सी–पोर्ट इमिग्रेशन प्रक्रियाओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण' का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य इमिग्रेशन से संबंधित पुलिस कर्मियों की क्षमताओं और परिचालन तैयारियों को मजबूत करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कल पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन, ने किया। यह कार्यक्रम ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन, चेन्नई के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने इस बात पर जोर दिया कि इमिग्रेशन संबंधी जिम्मेदारियों के प्रभावी निष्पादन के लिए केवल नियमों का ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक समझ, पेशेवर दक्षता और मैदानी स्तर पर समन्वित कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों, विदेशी क्रू सदस्यों और जहाजों से जुड़ी इमिग्रेशन औपचारिकताओं को सुव्यवस्थित, कुशल, एकसमान और कानूनी रूप से अनुपालन योग्य तरीके से पूरा करने पर बल दिया। कार्यक्रम में मध्योत्तर अंडमान और निकोबार जिलों के 20 पुलिस कर्मियों के साथ–साथ इमिग्रेशन एवं फॉरेनर्स शाखा के कर्मी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक यूनीक डिसएबिलिटी आईडी योजना के तहत हाल ही में स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में जागरूकता–सह–पंजीकरण एवं नवीनीकरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशालय के राज्य समन्वयक ने प्रतिभागियों को UDID योजना के महत्व, लाभ, मूल्यांकन प्रक्रिया, दिव्यांगता प्रमाणन, पंजीकरण व नवीनीकरण प्रक्रियाओं और ऑनलाइन आवेदन प्रणाली के बारे में जानकारी दी। इस दौरान पात्र दिव्यांगजनों के लिए नए UDID कार्ड का पंजीकरण और पुराने कार्डधारकों के नवीनीकरण की सुविधा प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य दूर–दराज के क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांगजनों के लिए UDID सेवाओं तक पहुँच के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं, लाभों और सेवाओं के बारे में जानकारी देना है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार अभिलेखागार ने हाल ही में द्वीपसमूह से बी.ए. इतिहास की पढ़ाई पूरी करने वाले स्नातकों के लिए आर्काइवल प्रबंधन में अल्पकालिक मासिक मानदेय आधारित इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अभिलेखागार से जुड़े कार्यों का व्यावहारिक अनुभव देना है। पहली जून से शुरू हुए इस तीन महीने के इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं को ऐतिहासिक व प्रशासनिक अभिलेखों के संरक्षण, रखरखाव, बुनियादी मरम्मत व बाइंडिंग, डिजिटलीकरण, डेटा एंट्री, रिकॉर्ड प्रबंधन, और अनुसंधान व दस्तावेजीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इंटर्नशिप को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। भविष्य में भी इस प्रकार की अकादमिक व इंटर्नशिप पहलों को जारी रखने के उद्देश्य से अभिलेखागार सचिव ने इस इंटर्नशिप की अवधि को तीन महीने के लिए और बढ़ा दिया है।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशुचिकित्सा सेवा विभाग ने यूटी आत्मा के सहयोग से हाल ही में स्वराज द्वीप के एक किसान के खेत में अजोला उत्पादन पर एक प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को अजोला की खेती के तरीकों, इसमें मौजूद उच्च प्रोटीन सामग्री और पशुधन के चारे के रूप में इसके पोषण संबंधी लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और अजोला तैयार करने के लिए गड्ढे बनाने और उनके रखरखाव की सरल तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इस पहल का उद्देश्य पशुपालक किसानों को घरेलू और कृषि स्तर पर अजोला की खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि पूरे वर्ष पशुओं के लिए पौष्टिक हरे चारे की निरंतर उपलब्धता बनी रहे।

<><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से कल इक्कतीस दिवसीय लाइट मोटर व्हीकल प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, कोलकाता के मुख्य महाप्रबंधक आर. नटराजन ने झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 प्रशिक्षुओं ने नामांकन कराया है, जिनमें से 23 महिलाएं है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय मादक द्रव्य मांग न्यूनीकरण कार्य योजना के तहत अंडमान निकोबार पुलिस तथा ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के सहयोग से कल स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में नशा मुक्ति और मांग न्यूनीकरण पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान जागरूकता रैली, संवाद सत्र जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

<><><><><><><>